Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 19 फरवरी 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 143

## महत्वपूर्ण एवं खास

### यूपी में तीसरे चरण के लिए आज शाम खत्म होगा चुनाव प्रचार, 16 जिलों की 59 सीटों पर मुकाबला

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा 2022 में कुल सात चरणों में मतदान हो रहा है। अब तक दो फेज की वोटिंग हो चुकी है। 20 फरवरी को तीसरे चरण का चुनाव होना है। राज्य के 16 जिलों की 59 सीटों पर रविवार को मतदान होगा और आज शाम से इसके लिए प्रचार खत्म हो जाएगा। इस चरण में हाथरस, फिरोजाबाद, एटा, कासगंज, मैनपुरी, कन्नौज, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, फर्रुखाबाद, कानपुर नगर, जालौन, झांसी, ललितपुर, हमीरपुर महोबा में मतदान होगा।

### सेल्फी लेने के चक्कर में दो युवक गंगनहर में डूबे

**रुडक़ी (आरएनएस)।** उत्तराखण्ड के मसूरी घूमने जा रहे कार सवार युवकों का ग्रुप शुक्रवार सुबह सोलानी पार्क पहुंचा। वहां उन्होंने सेल्फी लेना शुरू कर दिया। जहां दो दोस्त सेल्फी लेने के चक्कर में अपना संतुलन खो बैठे और गंगनहर में डूबकर लापता हो गए। शोर शराबा होने पर राहगीर और पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। युवकों की तलाश को गंगनहर में तलाशी अभियान चलाया गया। मामले की जानकारी पाकर परिजन रुडक़ी पहुंचे और पुलिस से मामले को लेकर जानकारी जुटाई। संदीप (22) निवासी निकट झंकार वाली गली बागपत और भरत (21) निवासी मेरठ अपने दोस्तों के साथ बागपत से शुक्रवार सुबह कार से मसूरी घूमने के लिए जा रहे थे। सुबह के वक्त सभी दोस्त कार में सवार होकर सोलानी पार्क के पास पहुंचे। वहां उन्होंने सेल्फी लेना शुरू कर दिया। संदीप और भरत गंगनहर किनारे सेल्फी लेने लगे। इस बीच दोनों अपना संतुलन खो बैठे और गंगनहर में जा गिरे। दोस्तों को डूबता देख साथी अभिषेक और राकेश ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर शराबा सुनकर राहगीर मौके पर पहुंचे। वहीं सूचना पाकर पुलिस भी सोलानी पार्क पहुंच गई। लेकिन तब तक संदीप और भरत गंगनहर में डूबकर लापता हो चुके थे। पुलिस ने गोताखोरों को मौके पर बुलाया। एसडीआरएफ की टीम ने युवकों की तलाश को गंगनहर खंगाली। लेकिन युवकों का कहीं कुछ पता नहीं चल पाया। सिविल लाइंस कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक दीप कुमार ने बताया कि परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार युवकों का ग्रुप बागपत से कार में सवार होकर मसूरी घूमने के लिए आया था। इस दौरान सोलानी पार्क के पास सेल्फी के दौरान यह हादसा हुआ। युवकों की गंगनहर में तलाश की जा रही है। बता दें कि 8 फरवरी को भी सहारनपुर के दो युवक सोलानी पार्क के पास गंगनहर में सेल्फी लेने के दौरान गंगनहर में डूबकर लापता हो गए थे। 9 दिन बाद दोनों युवकों के शव गंगनहर से बरामद किए गए थे।

### दो सगे भाइयों को स्विफ्ट कार ने रौंदा, मौत

**चित्रकूट (आरएनएस)।** उत्तरप्रदेश के चित्रकूट में बहन की ससुराल से घर लौट रहे बाइक सवार युवकों को तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने रौंद दिया। दोनों की मौके पर मौत होने पर पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। ये हादसा बुधवार को देर शाम मऊ थाना क्षेत्र के छिवलहा गांव में हुआ। बताया गया कि बरगढ थाना क्षेत्र के पतेरी गांव के चन्द्रभान (20), मुन्नीलाल (28) पुत्रगण रामसजीवन दोनों अपनी बहन ममता की ससुराल चंदई गये थे। दोनों देर शाम बाइक से घर लौट रहे थे। छिवलहा गांव के पास स्विफ्ट डिजायर कार ओवरटेक करते समय दोनों को रौंदकर भाग गई। राहगीरों ने देखा तो दोनों को पुलिस सहायता से मऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने दोनों की हालत नाजुक देख प्रयागराज रेफर कर दिया। प्रयागराज ले जाते समय दोनों की रास्ते में मृत्यु होने पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। दोनों भाइयों की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। मृतक के बडे भाई घनश्याम वर्मा ने थाने में तहरीर देकर वाहन चालक व मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मृतक मुन्नीलाल की पत्नी आरती का रो-रोकर हाल बेहाल है।

### स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति हुए कोरोना पॉजिटिव

**जिनेवा।** स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति और विदेश मंत्री इग्नाजियो कैसिस कोरोना पॉजिटिव है। ये जानकारी एक सरकारी बयान से सामने आई है। कन्फेडरेशन के अध्यक्ष इग्नाजियो कैसिस ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कोरोना टेस्ट करवाया। राष्ट्रपति की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, जिसके बाद से वह आइसोलेशन में हैं।

## अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट केस...

# 38 दोषियों को स्पेशल कोर्ट ने सुनाई फांसी की सजा, 11 को उम्रकैद



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अहमदाबाद सीरियम बम ब्लास्ट केस में विशेष अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने 49 दोषियों में से 38 को फांसी की सजा सुनाई है। इसके अलावा अदालत ने 11 अन्य दोषियों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने इन लोगों को पहले ही दोषी करार दे दिया था और आज इन लोगों की सजा का ऐलान होना था। 26 जुलाई 2008 को अहमदाबाद में हुए 21 सीरियल ब्लास्ट ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। इन धमाकों की गूंज से हर कोई स्तब्ध था।

सरकारी अधिवक्ता अमित पटेल ने बताया कि स्पेशल जज एआर पटेल ने 49 में से 38 लोगों को फांसी की सजा सुनाई है। इसके अलावा 11 शेष दोषियों को उम्रकैद की सजा दी गई है। इस आतंकी हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन ने ली थी। आतंकियों का कहना था कि हमने 2002 में हुए गुजरात दंगों का बदला लेने के लिए इस घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में कुल 77 लोग आरोपी थे, जिनमें से 28 को अदालत ने बरी कर दिया था और बाकी 49 लोगों को दोषी करार दिया था। 14 सालों तक चले मामले के बाद यह सजा सुनाई गई है।

बता दें कि अभियोजन पक्ष की ओर से कोर्ट से सभी दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की गई थी। वहीं बचाव पक्ष ने कम से कम सजा की अपील कोर्ट की थी। हालांकि अदालत ने 38 लोगों को फांसी की सजा सुनाई। इस फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी जा सकती है। अहमदाबाद विस्फोट मामले में सत्र न्यायालय के न्यायाधीश एआर पटेल ने 8 फरवरी को फैसला सुनाते हुए 49 आरोपियों को दोषी करार दिया था। अदालत ने 77 में से 28 आरोपियों को बरी कर दिया था। आपको बता दें कि साल 2008 में अहमदाबाद में सीरियल बम ब्लास्ट हुए थे। इस घटना में 56 लोगों की मौत हुई थी, साथ ही 200 लोग घायल हो गए थे।

## महाराष्ट्र में बर्ड फ्लू की दस्तक, 100 मुर्गियों की मौत से मचा हडक़ंप, मारे जाएंगे 25 हजार पक्षी



**पुणे (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के ठाणे में एक पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू का मामला सामने आया है। इस पोल्ट्री के एक किलोमीटर के दायरे में आने वाले लगभग 25,000 पक्षियों को अगले कुछ दिनों में मार दिया जाएगा। फ्लू के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। ठाणे जिले में हाल में शाहपुर के पोल्ट्री फार्म में लगभग 100 पक्षियों की मौत के बाद बर्ड फ्लू के मामलों का पता चला।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ भाऊसाहेब डांगडे ने कहा, हाल में शाहपुर तहसील के वेह्लोली गांव के पोल्ट्री फार्म में लगभग 100 पक्षियों की मौत हो गई। उनके नमूने परीक्षण के लिए पुणे स्थित प्रयोगशाला में भेजे गए और परिणामों में पुष्टि हुई कि उनकी मौत एच5एन1 एवियन इन्फ्लूएंजा के कारण हुई थी।

मारे जाएंगे एक किलोमीटर के दायरे में आने वाले पक्षी

डांगडे ने कहा कि इसके बाद प्रभावित फार्म के एक किलोमीटर क्षेत्र में पोल्ट्री फार्मों में पाले जा रहे लगभग 25,000 पक्षियों को अगले कुछ दिनों में मार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले का पशुपालन विभाग अन्य पक्षियों में संक्रमण को फैलने से रोकने के उपाय करेगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मत्स्य पालन और पशुपालन मंत्रालय को यहां बर्ड फ्लू के मामलों के बारे में सूचित कर दिया गया है।

## भारतीय नौसेना ने दिखाया ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का दम, आईएनएस विशाखापत्तनम ने किया सफल परीक्षण



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय नौसेना के अपने युद्धपोत आईएनएस विशाखापत्तनम से आज समुद्र में ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया है। इस बारे में रक्षा सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक युद्धपोत 21 फरवरी को राष्ट्रपति की फ्लीट रिव्यू में हिस्सा लेने के लिए विशाखापत्तनम पहुंच गया है। आईएनएस विशाखापत्तनम हाल ही में शामिल हुआ भारतीय नौसेना का नवीनतम युद्धपोत है। वहीं, ब्रह्मोस भारतीय नौसेना के युद्धपोतों का मुख्य हथियार सिस्टम है और इसे इसके लगभग सभी सतही प्लेटफार्म पर तैनात किया गया है। बताया जा रहा है कि इसका एक अंडरवाटर वेरिएंट भी तैयार किया जा रहा है, जिसका इस्तेमाल भारत की पनडुब्बी के साथ साथ मित्र देशों को भी निर्यात करने के लिए भी किया जाएगा। विशाखापत्तनम में नौसेना 21 फरवरी को राष्ट्रपति की फ्लीट रिव्यू का आयोजन करेगी, जिसमें भारत को स्वतंत्र होने के 75 साल के पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित होगा।

## कर्नाटक के अल्पसंख्यक स्कूलों में भी हिजाब पर लगा प्रतिबंध, बोम्मई सरकार ने जारी किए आदेश



**बेंगलुरु (आरएनएस)।** कर्नाटक केअल्पसंख्यक स्कूलों में भी हिजाब पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। राज्य की बोम्मई सरकार ने इसको लेकर आदेश जारी किए हैं। राज्य के मौलाना आजाद मॉडल अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों सहित अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा चलाए जा रहे स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को हिजाब पहनने से रोक दिया गया है।


अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, हज और वक्फ विभाग के सचिव मेजर मणिवन्नन पी ने इससे संबंधित आदेश जारी किए हैं। विभाग ने अपने आदेश में कर्नाटक हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश का जिक्र किया है जिसमें छात्र-छात्राओं को कक्षा के भीतर भगवा शॉल, स्कार्फ और हिजाब पहनने से रोक दिया गया है।

आदेश में कहा गया है, हाईकोर्ट का उपरोक्त आदेश अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अंतर्गत आने वाले आवासीय विद्यालयों, महाविद्यालयों, मौलाना आजाद आदर्श अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों पर भी लागू है। मौलाना आज़ाद मॉडल इंग्लिश मीडियम स्कूल और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अंतर्गत आने वाले स्कूलों और कॉलेजों के क्लास में भगवा शॉल, स्कार्फ और हिजाब पहनना प्रतिबंधित है।

यह आदेश अल्पसंख्यक लड़कियों को लेकर स्कूलों और कॉलेजों में बढ़ते तनाव के बीच आया है। पिछले हफ्ते हाईकोर्ट के आदेश के बाद बुर्का और हिजाब पहनी छात्राओं को स्कूलों और कॉलेजों में प्रवेश से वंचित कर दिया गया।

इस बीच, शिवमोग्गा जिला प्राधिकरण द्वारा जारी निषेधाज्ञा के उल्लंघन के आरोप में नौ लोगों के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 144 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मुस्लिम लड़कियों को कैंपस में बुर्का नहीं रखने देने के लिए उन्होंने जिला मुख्यालय कस्बे में पीयू कॉलेज के अधिकारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था।

## शीना बोरा हत्याकांड मामला : इंद्राणी मुखर्जी की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई, महाराष्ट्र से मांगा जवाब



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने शीना बोरा हत्याकांड की मुख्य आरोपी इंद्राणी मुखर्जी की जमानत याचिका पर शुक्रवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और महाराष्ट्र सरकार से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव और पीएस नरसिम्हा की पीठ ने मामले की सुनवाई के लिए सहमति जताई और सीबीआई और राज्य सरकार को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत ने उनसे दो सप्ताह के भीतर हलफनामा मांगा है। इंद्राणी ने उनकी जमानत खारिज करते हुए 16 नवंबर, 2021 के बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। इंद्राणी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने पीठ को बताया कि मामले की सुनवाई पिछले साढ़े छह साल से चल रही है और यह अगले दस वर्षों में खत्म नहीं होगी। उन्होंने कहा कि कई और गवाहों से पूछताछ की जानी है और सीबीआई अदालत में कोई न्यायाधीश नहीं है। अपनी बेटी शीना बोरा की कथित तौर पर हत्या के मामले में मुकदमे का सामना कर रहीं इंद्राणी अगस्त 2015 में गिरफ्तारी के बाद मुंबई की भायखला महिला जेल में बंद है।

इंद्राणी ने जेल से सीबीआई को एक पत्र भेजा था जिसमें कहा गया था कि शीना बोरा जिंदा है। उन्होंने सीबीआई से जेल की एक कैदी का बयान दर्ज करने को कहा, जिसने दावा किया था कि वह कश्मीर में शीना से मिली थी।

जांच एजेंसी को लिखे अपने पत्र में, इंद्राणी ने कहा है कि वर्तमान में भायखला जेल में एक कैदी ने उन्हें बताया था कि उसने कुछ समय पहले कश्मीर में शीना को देखा था। इंद्राणी ने अपने पत्र में सीबीआई से शीना के जिंदा होने की संभावना पर गौर करने का अनुरोध किया है। इंद्राणी ने हमेशा कहा है कि शीना की हत्या नहीं हुई है और वह जीवित है और 2012 में अपनी शिक्षा के लिए विदेश गई थी, हालांकि इंद्राणी कभी भी अपने दावों को साबित नहीं कर पाईं। सीबीआई मुंबई पुलिस से मामला अपने हाथ में लेने के बाद 2015 से शीना बोरा मामले की जांच कर रही है। मुंबई पुलिस द्वारा दर्ज मामले के अनुसार, शीना बोरा का अप्रैल 2012 में अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। यह मामला पहली बार अगस्त 2015 में इंद्राणी के ड्राइवर श्यामवर राय की गिरफ्तारी के बाद सामने आया था। जांच के दौरान, उसने कबूल किया उसने अप्रैल 2012 में शीना बोरा की हत्या कर दी थी और कहा था कि उसने उसके शव को महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में फेंक दिया था। उसने मुंबई पुलिस को यह भी बताया था कि शीना की मां इंद्राणी और संजीव खन्ना (इंद्राणी के पूर्व पति) भी इस हत्या में शामिल थे। अदालत के समक्ष सीबीआई के मामले के अनुसार, इंद्राणी ने शीना बोरा की हत्या इसलिए की क्योंकि वह शीना बोरा, जिसे उसने अपनी बहन के रूप में सबके सामने पेश किया था, और पीटर मुखर्जी (इंद्राणी मुखर्जी के तीसरे पति) की पहली पत्नी के बेटे राहुल मुखर्जी के बीच संबंधों को लेकर गुस्से में थी। सीबीआई के अनुसार, इंद्राणी ने शीना बोरा की हत्या इसलिए की क्योंकि शीना उसे सार्वजनिक रूप से उजागर करने की धमकी दे रही थी कि वह उसकी बहन नहीं है, बल्कि उसकी बेटी है।

## यूक्रेन में फंसे भारतीयों की मदद के लिए आगे आई एयर इंडिया, इस तारीख से शुरू करेगी उड़ानें

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** यूक्रेन में बिगड़ते हालात के बीच एयर इंडिया ने बड़ा कदम उठाया है। एयर इंडिया ने शुक्रवार को ऐलान किया कि वह इस महीने के अंत में भारत और यूक्रेन के बीच तीन उड़ानें संचालित करेगी। यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और उसके नाटो सहयोगियों ने यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की संभावना की चेतावनी दी है।

विमानन कंपनी ने बताया कि ये उड़ानें 22, 24 और 26 फरवरी को यूक्रेन रवाना की जाएंगी। रूस ने नौसेना अभ्यास के लिए काला सागर में युद्धपोत भेजने के अलावा यूक्रेन से सटी सीमा पर लगभग एक लाख सैनिक तैनात कर रखे हैं, जिससे यूक्रेन पर रूस के संभावित हमले को लेकर नाटो देशों की चिंताएं बढ़ गई हैं। हालांकि, रूस यूक्रेन पर हमले की किसी भी योजना से लगातार इनकार करता आ रहा है। गौरतलब है कि विदेश मंत्रालय ने यूक्रेन में फंसे भारतीयों को जरूरी सूचना एवं मदद उपलब्ध कराने के लिए बुधवार को एक कंट्रोल रूम स्थापित किया था।

इसके अलावा, यूक्रेन स्थित भारतीय दूतावास ने पूर्वी यूरोपीय देश में भारतीयों की मदद के लिए 24 घंटे की हेल्पलाइन भी स्थापित की है।

## भारत ने एक्सपो 2020 दुबई में कृषि और खाद्य प्रसंस्करण नीतियों का लाभ उठाने के लिए स्टार्टअप्स और किसान उत्पादक संगठनों को आमंत्रित किया




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** एक्सपो 2020 दुबई में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में देश की निवेश के अनुकूल नीतियों और विकास के अवसरों का प्रदर्शन करने के लिए भारत के प्रयास के हिस्से के रूप में, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में अपर सचिव, डॉ अभिलाक्ष लिखी ने स्टार्टअप्स और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को अपने प्रस्ताव मंत्रालय में प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने यह आश्वासन दिया कि उन्हें इक्विटी अनुदान, प्रबंधन लागत और अन्य उपलब्ध सहायता उपायों को प्रदान करने के बारे में भी विचार किया जाएगा। डॉ. लेखी एक्सपो 2020 दुबई में भारतीय पवेलियन में खाद्य, कृषि और आजीविका पखवाड़े के उद्घाटन के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। सुशुभा ठाकुर, संयुक्त सचिव (फसल और तिलहन), कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, टीआर केसवन समूह अध्यक्ष (कॉर्पोरेट संबंध और गठबंधन) ट्रैक्टर और कृषि उपकरण लिमिटेड (टीएएफई), श्रीनिवास कुचिभोटला, पार्टनर, केपीएमजी तथा मंत्रालय के अन्य पदाधिकारी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। खाद्य, कृषि और आजीविका पखवाड़े (17 फरवरी से 2 मार्च) में विभिन्न सत्रों का आयोजन किया जा रहा है जिसकी अध्यक्षता कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय तथा सहकारिता मंत्रालय के प्रतिनिधि करेंगे। पखवाड़े के दौरान बाजरे सहित मोटे अनाजों, खाद्य प्रसंस्करण, बागवानी, डेयरी, मत्स्य पालन, और जैविक खेती के प्रमुख विषयों और इन क्षेत्रों में व्यापक निवेश अवसरों के बारे में गतिविधियों की श्रृंखला आयोजित करने की योजना बनाई गई है।

डॉ. लिखी ने कहा कि एक्सपो 2020 में हमारी भागीदारी का मुख्य उद्देश्य उन छोटे और सीमांत किसानों को लाभ पहुंचाना है जिन्हें बड़े पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं, सामूहिकता और एकत्र होने के लिए अधिक मंचों तथा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों के साथ समावेशी जुड़ाव स्थापित करने की जरूरत है।

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की संयुक्त सचिव, सुशुभा ठाकुर ने कहा कि भारतीय किसान ऐसे खाद्य उत्पादन करते हैं जो न केवल भारत को पोषण प्रदान करते हैं बल्कि दुनिया को खाद्य सुरक्षा भी उपलब्ध करते हैं। पखवाड़े के पहले सप्ताह के विषय मोटे अनाज के बारे में उन्होंने कहा कि बाजरे सहित मोटे अनाज हमारे लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है और हम मिलेट्स (मोटे अनाजों) के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी पहलुओं के बारे में जानने और इनका गौरव वापस लाने के लिए इस वैश्विक मंच का उपयोग करना चाहेंगे।

भारत सामान्य रूप से ज्ञात सभी नौ मोटे अनाजों का उत्पादन करता है और वैश्विक रूप से इनका सबसे बड़ा उत्पादक और दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक देश है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अभी हाल ही में भारत द्वारा प्रायोजित और 70 से अधिक देशों द्वारा समर्थित एक प्रस्ताव को अपनाया, जिसमें 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स (मोटे अनाज) वर्ष घोषित किया गया है।

भारतीय पवेलियन में खाद्य, कृषि और आजीविका पखवाड़े के एक हिस्से के रूप में मिलेट थीम के शुभारंभ के दौरान डॉ लिखी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मिलेट बुक का अनावरण किया, जिसमें मिलेट्स का उपयोग करते हुए पौष्टिक और स्वादिष्ट व्यंजनों को शामिल किया गया है। प्रतिनिधिमंडल ने मिलेट फूड फेस्टिवल का भी शुभारंभ किया, जिसके दौरान आगंतुकों को मिलेट्स का उपयोग करके तैयार किए गए स्वस्थ और पौष्टिक व्यंजनों का स्वाद चखने का अवसर मिलेगा।